an>

Title: Need to enhance the age of superannuation of Ayush doctors from 60 to 65 years.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ)ः प्रधानमंत्री जी के आदेश से देश के सामान्य ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी एवं जनस्वास्थ्य विशेषज्ञों की सेवानिवृत्ति की आयु 60 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष कर दी गई है। भारतीय चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से रोगियों का निदान करने वाले, सरकारी आयुष चिकित्सकों को इस सेवा विस्तार का लाभ अभी नहीं मिल पाया है। देश में डॉक्टरों की वर्तमान कमी को देखते हुए आयुष अनुसन्धान परिषदों, सी.जी.एच.एस. व अनुसंधानकर्ता चिकित्सकों की भी सेवानिवृत्ति की आयु 60 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष करना जनता एवं आयुष चिकित्सकों की दृष्टि से न्यायोचित होगा।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त मांग पर समुचित निर्णय हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश निर्गत करने की कृपा करें।